राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रकाशित

सुरत-गुजरात,संस्करण मंगलवार 20 अगस्त 2024 वर्ष-7,अंक-207 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## पहला कॉलम



## राम मंदिर में दर्शन के लिए बनेगा पास

**अयोध्या ।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट राम मंदिर रामलला के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को होने वाली असुविधा को दूर करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में श्रद्धालुओं के लिए ट्रस्ट की तरफ से नई सुविधा को शुरू किया गया है। राम मंदिर में वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं को विशेष सुविधा शुरू की गई है जिसमें 70 और उससे अधिक की उम्र वाले वरिष्ठ नागरिक और लगभग साल भर के बच्चे को साथ लिए महिलाएं सुगम दर्शन पास बनावा सकेंगे। उन्हें ट्रस्ट से अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी सीधे आधार कार्ड दिखाकर काउंटर से सुगम दर्शन पास बनवा सकेंगे। आपको बता दें कि भीड़ में लगी लंबी लाइन के बीच बुजुर्गों और छोटे बच्चों के साथ महिलाओं को दर्शन करने में असुविधा हो रही थी जिसको लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने नई व्यवस्था शुरू की है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद से रामलला के दर्शनार्थियों के लिए लगातार सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसी क्रम में वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए ट्रस्ट की ओर से विशेष सुविधा शुरू की गई है। वरिष्ठ नागरिक और महिलाएं अपने एक सहयोगी सहित बिना ट्रस्ट के अनुमोदन के सुगम पास बनवा सकेंगे। इसके लिए काउंटर पर आधार कार्ड दिखाना होगा, 10 मिनट के भीतर पास उन्हें उपलब्ध करा दिया जाएगा। यदि उन्हें व्हीलचेयर की आवश्यकता होगी तो वह भी निशुल्क प्रदान की जाएगी।

## उपराष्ट्रपति ने रक्षा बंधन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली ।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रक्षा बंधन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। एक्स पर एक पोस्ट में उपराष्ट्रपति ने कहा रक्षाबंधन के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं! यह भाई-बहनों के बीच पवित्र बंधन का उत्सव है, तथा यह एक-दूसरे को समर्थन देने और एक-दूसरे का ध्यान रखने की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। इस शुभ अवसर पर, आइए हम महिलाओं की गरिमा और सम्मान को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हों, तथा ऐसा वातावरण बनाएं जहां वे आगे बढ़ सकें और अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग कर सकें।

## मुरुगानंदम होंगे तमिलनाडु के नए मुख्य सचिव

**चेन्नई।** वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी एन. मुरुगानंदम को तमिलनाडु सरकार ने राज्य का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। मुरुगानंदम ने सोमवार को निवर्तमान शिव दास मीना का स्थान लिया है। वहीं श्री मीना को तमिलनाडु रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सरकार ने इस आशय का आदेश कल रविवार रात को जारी किया था, जिसके बाद मुरुगानंदम ने सोमवार को नए मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण किया है। मुख्य सचिव के तौर पर नियुक्ति से पहले मुरुगानंदम ने मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव/सचिव- प्रथम के तौर पर अहम जिम्मेदारी निभाई है। इसके अतिरिक्त नव निर्मित पद पर सरकार ने थूथुकुडी जिला कलेक्टर जी. लक्ष्मीपति को एक वर्ष की अवधि के लिए मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव के रूप में नियुक्त किया है। वहीं सार्वजनिक पुस्तकालयों के निदेशक के. इलम्बावथ को स्थानांतरित करते हुए थूथुकुडी जिला कलेक्टर के रूप में तैनात किया है।

## समुद्र में पांच स्वयंभू शिवलिंग, ज्वार भाटे से शिवलिंग का अभिषेक



**भावनगर ।** गुजरात के भावनगर स्थित समुद्री तट मे समुद्र के 1 किलोमीटर अंदर निष्कलंक महादेव का मंदिर अरब सागर में स्थित है। हजारों वर्ष से यह मंदिर पानी की लहरों के बीच में पूरी तरह से सुरक्षित है। श्रद्धालु जब लहरें उतार पर होती हैं। तब पानी पर चलकर मंदिर के दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। मंदिर एक चबूतरे पर स्थित है। यहां मान्यता है,समुद्र में पांच स्वयंभू शिवलिंग है। इनके साथ नंदी की भी स्थापना की गई है। समुद्र में जब ज्वार उठता है। तब मंदिर पूरी तरह से डूब जाते हैं। मंदिर की ध्वजा से मंदिर होने का एहसास होता है। जब समुद्र में लहरें उतार पर होती हैं। तब मंदिर तक पहुंचा जा सकता है। श्रद्धालु मंदिर में पहुंचकर शिवलिंग के दर्शन करते हैं। सबसे आश्चर्यजनक बात यह है, यह मंदिर हजारों साल पुराना है। इसके बाद भी इस मंदिर मैं कभी कोई नुकसान नहीं पहुंचा। यह एक बड़ा रहस्य है।

# सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण को लेकर दिए गए फैसले के खिलाफ 21 को भारत बंद का ऐलान



**लखनऊ ।**

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के विरोध में दलित संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। दलित संगठनों ने 21 अगस्त को इस फैसले के खिलाफ भारत बंद का आव्हान किया है। वहीं भारत बंद को बहुजन समाज पार्टी का भी समर्थन मिल गया है। बसपा की ओर से सभी छोटे-बड़े कार्यकर्ताओं को भारत बंद में शामिल होने की अपील की गई है। बसपा महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने बताया कि बहन जी ने सुप्रीम कोर्ट के उप वर्गीकरण के फैसले का पुरजोर विरोध किया है। वहीं बंद के दौरान प्रदेश में हिंसा भड़कने की आशंका को लेकर इंटेलिजेंस द्वारा दिए इनपुट के बाद दो दिन पहले पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग कर प्रदेश के समस्त कमिश्नर, आईजी, डीएम और एसपी के साथ बैठक की है। दरअसल बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक निर्णय में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति यानी एससी-एसटी में उपवर्ग बनाने का अधिकार राज्यों को दे दिया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने के लिए भी कहा है। कोर्ट के इस फैसले का बसपा सुप्रीमो मायावती समेत तमाम नेता विरोध कर रहे हैं। अब कोर्ट के इस फैसले को लेकर भारत बंद का आव्हान किया गया है। 21 अगस्त को होने वाले भारत बंद के समर्थन में बसपा सुप्रीमो खुलकर सामने आ गई है। इस संबंध में बसपा नेता सतीश चंद्र मिश्रा समेत तमाम पार्टी के नेताओं को पोस्ट किया है।

पार्टी महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि बहन जी के दिशा निर्देश के अनुसार बीएसपी के सभी छोटे-बड़े कार्यकर्ताओं से अपील है कि बसपा के नीला झंडा और हाथी निशान के तहत 21 अगस्त को होने वाले भारत बंद में शामिल हो। साथ ही जनता को खास कर दलित, शोषित, वंचित, अल्पसन्यक एवं न्याय पसंद लोगो तक उप वर्गीकरण के बारे में जागरूक करे। उन्होंने कहा कि बसपा के सभी कार्यकर्ता अनुशासित एवं संवैधानिक तरीके से बड़ी संख्या में भारत बंद में शामिल हो यह पार्टी की अपील है। जय भीम, जय भारत।

वहीं इस मामले में बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे व पार्टी के नेशनल कॉर्डिनेटर आकाश आनंद ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। आकाश ने पोस्ट में लिखा कि आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ एससी-एसटी समाज में काफी गुस्सा है। फैसले के विरोध में हमारे समाज ने 21 अगस्त को भारत बंद का आह्वान किया है। आकाश ने पोस्ट के जरिये बताया कि हमारा समाज शांतिप्रिय समाज है। हम सबका सहयोग करते हैं। सबके सुख-दुख में हमारा समाज शामिल होता है। लेकिन आज हमारी आजादी पर हमला किया जा रहा है।



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# राहुल गांधी ने लेटरल एंट्री को लेकर फिर सरकार पर साधा निशाना

### -दलितों, ओबीसी और आदिवासियों पर हमला बताया



**नई दिल्ली।**

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लेटरल एंट्री मामले में एक बार फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है और कहा, कि यह दलितों, ओबीसी और आदिवासियों पर हमला है। राहुल ने सोमवार 19 अगस्त को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर बहुजनों से आरक्षण छीनने का प्रयास करने जैसा आरोप लगाया है। राहुल ने कहा, कि लैटरल एंट्री दलित, ओबीसी और आदिवासियों पर हमला है। भाजपा का राम-राज का विकृत संस्करण संविधान को नष्ट करना और बहुजनों से आरक्षण छीनना चाहता है। इससे पहले पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने ने रविवार 18 अगस्त को कहा था, कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के बजाय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के माध्यम से लोक सेवकों की भर्ती करके संविधान पर हमला कर रहे हैं।' यहां बतलाते चलें कि केंद्र ने 'लेटरल एंट्री' के माध्यम से 45 विशेषज्ञों की विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उपसचिव जैसे प्रमुख पदों पर नियुक्ति करने की घोषणा कर रखी है। जबकि आमतौर पर इन पदों पर अखिल भारतीय सेवाओं-भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और भारतीय वन सेवा (आईएफओएस) और अन्य 'ग्रुप ए' सेवाओं के अधिकारियों की नियुक्ति की जाती रही है। इसलिए अब इस मामले को लेकर देश में विरोध बढ़ना तय माना जा रहा है। इसलिए केंद्र अब बचाव की मुद्रा में नजर आ रहा है।



नई दिल्ली में सोमवार को रक्षाबंधन त्यौहार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्कूली छात्राओं ने राखी बांधी।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षाबंधन पर नागरिकों को शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी नागरिकों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा कि समस्त देशवासियों को भाई-बहन के असीम स्नेह के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन की ढेरों शुभकामनाएं। यह पावन पर्व आप सभी के रिश्तों में नई मिठास और जीवन में सुख, समृद्धि एवं सौभाग्य लेकर आए।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व संस्कृत दिवस के अवसर पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विश्व संस्कृत दिवस के अवसर पर सभी को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उन सभी को शुभकामनाएं दीं जो संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रहे हैं। श्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा ÷ विश्वसंस्कृतदिनस्य शुभाशयाः। ये संस्कृतस्य अत्यन्तं अनुरागिणः सन्ति किञ्च एतस्याः श्रेष्ठभाषायाः प्रचाराय प्रयत्नशीलाः सन्ति तेषाम् अहं हार्दम् अभिनन्दामि।

# यूपीए सरकार ही लेकर आई थी लेटरल एंट्री अब कर रहे विरोध: वैष्णव

### राहुल बोले-सरकार आईएएस का निजीकरण कर आरक्षण कर रही खत्म

**नई दिल्ली।**

कांग्रेस, सपा समेत कई विपक्षी दलों ने केंद्र में रिक्त संयुक्त सचिव, निदेशक व उपसचिव के 45 पदों पर सीधी भर्ती (लेटरल एंट्री) का विरोध किया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि सरकार आईएएस का निजीकरण करते हुए आरक्षण खत्म कर रही है। लेटरल एंट्री पर राहुल गांधी के आरोपों को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर पोस्ट में लिखा- लेटरल एंट्री मामले में कांग्रेस का पाखंड स्पष्ट रूप से दिख रहा है। यह यूपीए सरकार ही थी जो लेटरल एंट्री लेकर आई थी। रेल मंत्री ने आगे लिखा कि पार्श्व प्रवेश मामले पर कांग्रेस का पाखंड स्पष्ट है। यह यूपीए सरकार थी जिसने पार्श्व प्रवेश की अवधारणा विकसित की थी। दूसरा प्रशासनिक सुधार आयोग (एआरसी) 2005 में यूपीए सरकार ने स्थापित किया था। वीरप्पा मोइली ने इसकी अध्यक्षता की थी यूपीए सरकार के कार्यकाल में लेटरल एंट्री के जरिए विशेषज्ञों की भर्ती की सिफारिश की गई थी। रेल मंत्री ने आगे लिखा-एनडीए सरकार ने लेटरल एंट्री को लागू करने के लिए एक पारदर्शी तरीका अपनाया है। यूपीएससी के जरिए से पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से भर्तियां की जाएंगी। इस सुधार से प्रशासन में सुधार होगा। इसको लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर लिखा कि इन पदों को निचले पदों पर तैनात कर्मचारियों को पदोन्नति देकर भरा जाना चाहिए। एससी, एसटी व पिछड़ा वर्ग के लिए कोटा व्यवस्था लागू करके इन पदों को भरा जाए। अगर केंद्र सरकार इसे लागू नहीं करती है तो यह संविधान का सीधा उल्लंघन होगा। वहीं अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि बीजेपी पिछले दरवाजे से अपनी विचारधारा के लोगों को यूपीएससी के उच्च पदों पर बैठाने की साजिश रच रही है। यह सारी चाल पीडीए से उसका आरक्षण व अधिकार छीनने की है। उन्होंने युवाओं व अधिकारियों से अपील की है कि यदि सरकार इस मामले में अपना फैसला नहीं बदलती है तो दो अक्टूबर से इसके खिलाफ देशभर में सपा द्वारा चलाए जाने वाले आंदोलन में



शामिल होकर इसका विरोध करें। लेटरल एंट्री का मतलब निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों की सीधी भर्ती है। इसके जरिए से केंद्र सरकार के मंत्रालयों में संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों के पदों की भर्ती की जाती है।

## एमयूडीए घोटाला: सीएम सिद्धारमैया ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

### -राज्यपाल थावरचंद गहलोत के मुकदमा चलाने के आदेश को दी चुनौती

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया जमीन घोटाले मामले में हाईकोर्ट पहुंच गए हैं। उन्होंने राज्यपाल के आदेश को चुनौती दी है। राज्यपाल ने सीएम पर मामला दर्ज करने की मंजूरी दी है। यह मामला एमयूडीए घोटाले से संबंधित है, जिसमें सिद्धारमैया की पत्नी को केसरूर में तीन एकड़ और 16 गुंटा कृषि भूमि के अवैध अधिग्रहण के लिए एक पॉश इलाके में वैकल्पिक भूखंड मिला था। सिद्धारमैया ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया है। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने भी मुख्यमंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा कि उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति क्यों न दी जाए। जवाब में, कर्नाटक कैबिनेट ने दृढ़ता से सिफारिश की कि राज्यपाल सीएम को जारी नोटिस वापस लें। सीएम सिद्धारमैया का कहना है कि अलग-अलग घोटालों में एचडी कुमारस्वामी और बीएस येदियुरप्पा की संलिप्तता को उजागर करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं विपक्षी नेताओं और उन घोटालों को उजागर करूंगा, जिनमें वे कथित रूप से शामिल हैं। विपक्ष सिद्धारमैया की छवि को खराब करने कोशिश कर रहे हैं। वे लोगों के आशीर्वाद से सत्ता में आई इस सरकार को हटाने षड़यंत्र कर रहे हैं। बता दें कि बीजेपी सिद्धारमैया का इस्तीफा मांग रही है। वहीं बीजेपी के सुर में टीएमसी ने भी सुर मिला दिया है।

# लेटरल एंट्री सिस्टम बना चर्चा का विषय, भारत ही नहीं कई देशों में है लागू

### एक्सपर्ट बोले : इससे ब्यूरोक्रेसी में बढ़ती है दक्षता और पारदर्शिता

**नई दिल्ली।**

बिना परीक्षा आईएएस बनाने वाले लेटरल एंट्री सिस्टम चर्चा का विषय बना हुआ है। कांग्रेस समेत कई विरोधी पार्टियां लेटरल एंट्री से हो रही नियुक्तियों का विरोध कर रही है। विपक्ष के विरोध के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि लेटरल एंट्री (सीधी भर्ती) का विचार यूपीए के समय में आया था। आपको बता दें ये सिस्टम भारत ही नहीं दुनिया के देशों में है। यूपीएससी लेटरल एंट्री के जरिए सीधे उन पदों पर उम्मीदवारों की भर्ती की जाती है, जिन पद पर आईएएस रैंक के ऑफिसर तैनात किए जाते हैं। इस सिस्टम में कई मंत्रालय, विभाग और संगठनों में सीधे उपसचिव (ज्वाइंट सेक्रेटरी) और डायरेक्टर और डिप्टी सेक्रेटरी के पद पर उम्मीदवारों की नियुक्ति होती है। इसमें निजी क्षेत्रों से अलग-अलग सेक्टर के एक्सपर्ट्स को सरकार में इन पदों पर नियुक्त करती है। इस सिस्टम में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में हिस्सा नहीं लेता है और बिना परीक्षा दिए साक्षात्कार के जरिए निजी सेक्टर के एक्सपर्ट्स की इन पदों पर नियुक्ति की जाती है।

लेटरल सिस्टम भारत के अलावा कई देश हैं जो लेटरल एंट्री से अधिकारियों की नियुक्तियों को सपोर्ट करते हैं। सिविल सर्विस मैनेजमेंट के लिए मशहूर देशों में डायरेक्ट और लेटरल एंट्री सिस्टम है, जिनमें ऑस्ट्रेलिया, यूएसए और यूके जैसे देश शामिल हैं। इनके अलावा फ्रांस, बेल्जियम, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया और स्पेन जैसे देशों में ये सिस्टम लागू है। अमेरिका में कई पदों पर लेटरल एंट्री के जरिए अधिकारियों की नियुक्ति की जाती है और यहां लेटरल एंट्री सिस्टम का पर्मानेंट पार्ट है।

इसके अलावा कनाडा में भी लेटरल एंट्री सिस्टम है और एजुकेशन भी कुछ कोर्स में सीधे एंट्री दिए जाने का प्रावधान है। यूके में भी लेटरल एंट्री के जरिए एससीएस संभव है, लेकिन अभी इनकी संख्या काफी कम है और ये जरूरी है कि लेटरल एंट्री लेने वाले उम्मीदवार को निजी सेक्टर में अच्छा अनुभव होना चाहिए। वैसे यूके और भारत में सिविल सर्विसेज का सिस्टम करीब एक जैसा ही है।

कई एक्सपर्ट लेटरल एंट्री के फायदे भी गिनाते हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि लेटरल एंट्री सिस्टम से सरकारी सेवाओं में एक्सपर्ट और अनुभव दोनों शामिल होते हैं।

इससे कामकाज में सुधार होता है और इससे नई सोच और दृष्टिकोण भी शामिल होता है। साथ ही ब्यूरोक्रेसी में दक्षता और पारदर्शिता बढ़ती है। साक्षात्कार से चयन होने पर एक्सपर्ट में भी खास लोग चुनकर आते हैं और उन्हें उस फील्ड में काफी लंबा अनुभव होता है जो नीतियां बनाने में काफी फायदेमंद होता है।

बता दें कि इस बार 45 पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इससे पहले 2019 में आठ जॉइंट सेकेट्री पदों पर नियुक्ति की गई थी। इसके बाद 2022 में 30 अधिकारियों का चयन किया गया था। वहीं, 2023 में 37 पदों के लिए भर्ती निकाली थी, 20 अधिकारी जिसमें जॉइंट सेकेट्री, डायरेक्टर और डेप्युटी सेकेट्री भी शामिल थे।

## नेशनल पार्क काजीरंगा में फाइव स्टार होटल बनाने के विरोध में उतरे आदिवासी यूनेस्को ने दी चेतावनी

गुवाहाटी। असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में फाइव स्टार होटल बनाने के लिए असम सरकार ने जमीन आवंटित की है। इसके लिए आदिवासियों की जमीन को अधिग्रहित किया जा रहा है। जिसका विरोध यहां के आदिवासी कर रहे हैं। असम सरकार और ताज समूह के बीच में समझौता पत्र हस्ताक्षरित किया गया है। असम सरकार ने दावा किया है, 120 करोड़ रुपए के इस प्रोजेक्ट से 200 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। असम के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। आदिवासियों का आरोप है, किसानों से जबरन भूमि अधिग्रहीत की जा रही है। जिस स्थान पर फाइव स्टार होटल बनाया जा रहा है। वहां पर बड़ी संख्या में जंगली हाथियों का निवास स्थान है। सरकार का यह प्रोजेक्ट आदिवासियों के भूमि अधिकारों का उल्लंघन है। वहीं काजीरंगा नेशनल पार्क में जहां जंगली जीवों का बड़ी संख्या में निवास है। यह उनके हितों के खिलाफ है। इस प्रोजेक्ट का विरोध यूनेस्को की सलाहकार संस्था इंटरनेशनल काउंसिल ऑन मॉन्यूमेंट और साइट्स ने भी, इस प्रोजेक्ट को लेकर चिंता जताई है। डॉ संजीव कुमार का कहना है, विश्व धरोहर स्थलों पर इस तरीके की परियोजनाओं को प्रतिबंधित किया गया है। काजीरंगा में होटल बनने से यहां के वन्य जीवों का जीवन प्रभावित होगा। यूनेस्को ने इस प्रोजेक्ट पर आपत्ति जताई है यदि इस प्रोजेक्ट को चालू रखा गया। ऐसी स्थिति में यूनेस्को को, काजीरंगा विश्व धरोहर को संकटग्रस्त सूची में डालने के लिए विवश होना पड़ेगा। यदि ऐसा हुआ तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलने वाली सहायता बंद कर दी जाएगी। यूनेस्को की सूची से भी हटा दिया जाएगा।

## उधमपुर में सुरक्षाबलों पर आतंकियों ने किया हमला, सीआरपीएफ का एक जवान शहीद, एनकाउंटर जारी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के रामनगर के चील इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी के बाद सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। सीआरपीएफ जवान की पहचान इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह के रूप में हुई। अधिकारियों ने कहा कि अपराह्न 3:30 बजे आतंकवादी ने जेकेपी एसओजी टीम के साथ सीआरपीएफ के गश्ती दल पर गोलीबारी की। सीआरपीएफ 187 की यूनिट को उधमपुर के डुडू पुलिस स्टेशन के ढंडे इलाके में तैनात किया गया था। कार्रवाई में एक सीआरपीएफ इंस्पेक्टर की मौत हो गई। भारतीय सेना ने बताया कि इससे पहले 13 अगस्त को उधमपुर के पटनीटॉप इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस महीने की शुरुआत में, जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ और उधमपुर जिलों के सुदूर वन क्षेत्रों में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच दो मुठभेड़ हुई। किश्तवाड़ में मुठभेड़ का पद्दार क्षेत्र में वार्षिक मचैल माता यात्रा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा और मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों को आश्वासन दिया गया कि पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने रविवार शाम को उधमपुर जिले के बसंतगढ़ के जंगलों में भी आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया। उन्होंने बताया कि खांडे जंगल में दोनों पक्षों के बीच कुछ राउंड गोलीबारी हुई, लेकिन किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और सोमवार सुबह इलाके की नए सिरे से तलाशी शुरू की जाएगी। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के साथ शुरू हुई शांति के एक संक्षिप्त शासन के बाद, जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों फिर से शुरू हो गई हैं। हालिया उछाल ज्यादातर जम्मू क्षेत्र में देखा गया।

## अब हरियाणा में लेडी डॉक्टर का हुआ अपहरण, चंडीगढ़ ले जाकर पीटा


रोहतक। कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के साथ हुए रेप और हत्या का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था हरियाणा में एक और डरा देने वाली घटना हुई है। पीजीआईएमएस रोहतक की एक मेडिकल छात्रा का सीनियर रेजीडेंट डॉक्टर ने अपहरण कर लिया और फिर चंडीगढ़ ले जाकर उसके मारपीट की। पीड़ित छात्रा को पीजीआईएमएस में ही भर्ती कराया गया है। वहीं, हेल्थ यूनिवर्सिटी प्रशासन ने आरोपी रेजीडेंट डॉक्टर को संस्थान से निलंबित कर दिया है और उसके पीजीआईएमएस परिसर में घुसने पर रोक लगा दी है। वहीं पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पीजीआईएमएस की मेडिकल छात्रा का कहना है कि 16 अगस्त की शाम को संस्थान के रेजीडेंट डॉक्टर मनिंदर कौशिक ने उसका कार में अपहरण कर लिया। फिर वह उसे रात को अंबाला और चंडीगढ़ घुमाता रहा। 17 अगस्त को दोपहर करीब साढे 3 बजे उसे रोहतक वापस लेकर आया। इस दौरान चंडीगढ़ में उसके मारपीट की गई। अपने साथ हुई इस घटना से यह मेडिकल छात्रा सदमे में है। इस घटना की जानकारी पीजीआईएमएस प्रशासन को दी गई। छात्रा को पीजीआईएमएस में ही दाखिल करा दिया गया है। यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डॉ वरूण अरोड़ा ने रविवार देर शाम को बयान जारी कर कहा कि संस्थान हर महिला कर्मचारी, महिला रेजीडेंट डॉक्टर और छात्रा की सुरक्षा को लेकर गंभीर है। इसी के चलते हेल्थ यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इस मामले को लेकर कड़ा संज्ञान लिया है। आरोपी रेजीडेंट डॉक्टर एनॉटमी डिपार्टमेंट के एमडी का प्रथम वर्ष का छात्र है। उसे संस्थान से निलंबित कर दिया गया है और परिसर मे घुसने पर रोक लगा दी गई है।

## नकली पासपोर्ट पर अमेरिका जा रहे 4 गुजराती तंजानिया से भारत डिपोर्ट किए गए

अहमदाबाद । फर्जी भारतीय पासपोर्ट का उपयोग कर अमेरिका जाने की कोशिश करने के आरोप में चार गुजरातियों को तंजानिया से डिपोर्ट किया गया है। तंजानिया में इमिग्रेशन क्लीयरेंस के दौरान उनका पासपोर्ट फर्जी पाए जाने के बाद चारों लोगों को वापस भारत भेज दिया गया है। इन चार लोगों के खिलाफ मुंबई पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। तंजानिया से वापस भेजे गए लोगों में गीताबेन मानसिंह चौधरी, भारतीबेन जीवनभाई चौधरी, अंश गोविंदभाई चौधरी के अलावा उनके हैंडलर रमेश भजन ठाकुर शामिल हैं। इस संबंध में आव्रजन अधिकारियों द्वारा की गई जांच से पता चला कि गीता चौधरी, भारती चौधरी और अंश चौधरी ने अपने असली भारतीय पासपोर्ट पर तंजानिया तक यात्रा की थी। जिसके बाद चार लोगों को नकली पासपोर्ट पर यात्रा करनी थी। फिलहाल मुंबई पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि इन चारों लोगों के पास दो पासपोर्ट कहां से आए? इन चारों गुजरातियों की गतिविधि संदिग्ध होने पर अधिकारी ने उनसे पूछताछ की। बताया जाता है कि तीनों लोग अमेरिका में स्थायी रूप से बसना चाहते थे। इन लोगों का सबसे पहले पुष्पाबेन व्यास नाम के एजेंट से संपर्क हुआ। पुष्पाबेन ने उन्हें तंजानिया के रास्ते अमेरिका आने का रास्ता बताया था। पुष्पाबेन ने ही हैंडलर रमेश ठाकुर को इन तीन लोगों के साथ अमेरिका आने के लिए कहा था। जांच में यह भी पता चला है कि गीताबेन को रंजना अनु चौहान के नाम से फर्जी पासपोर्ट दिया गया था। भारतीबेन के पास कल्पनाबेन संजय पटेल के नाम से फर्जी पासपोर्ट था। जबकि अंश चौधरी के पास दिग्विजय संजय पटेल के नाम से फर्जी पासपोर्ट था। इसमें फोटो तो आरोपियों के थे लेकिन नाम दूसरे लोगों के निकले।

## आंध्र प्रदेश में मिलावटी खाना खाने से चार अनाथ बच्चों की मौत, मुख्यमंत्री ने जताया दुख

अनकापल्ली। आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में दो दिन पहले मिलावटी खाना खाने से चार अनाथ बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण मौत हो गई। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। यह घटना कोटौराटला मंडल के अनकापल्ली जिले के कैलाश गांव में घटी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, जोशुआ, भवानी, श्रद्धा और नित्या उन लोगों में शामिल हैं जो दो दिन पहले (शनिवार) मिलावटी खाना खाने के कारण इलाज के



दौरान बीमार हो गए। मुख्यमंत्री ने अनकापल्ली के जिलाधिकारी विजय कृष्णन को अन्य प्रभावित बच्चों के लिए बेहतर उपचार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, जिनका वर्तमान में विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से घटना पर एक विस्तृत रिपोर्ट भी देने को कहा।

# यूपीए सरकार ही लेकर आई थी लेटरल एंट्री अब कर रहे विरोध: वैष्णव

**–राहुल बोले–सरकार आईएएस का निजीकरण कर आरक्षण कर रही खत्म**



**नई दिल्ली (एजेंसी)**। कांग्रेस, सपा समेत कई विपक्षी दलों ने केंद्र में रिक्त संयुक्त सचिव, निदेशक व उपसचिव के 45 पदों पर सीधी भर्ती (लेटरल एंट्री) का विरोध किया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि सरकार आईएएस का निजीकरण करते हुए आरक्षण खत्म कर रही है। लेटरल एंट्री पर राहुल गांधी के आरोपों को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर पोस्ट में लिखा- लेटरल एंट्री मामले में कांग्रेस का पाखंड स्पष्ट रूप से दिख रहा है। यह यूपीए सरकार ही थी जो लेटरल एंट्री लेकर आई थी।

रेल मंत्री ने आगे लिखा कि पार्श्व प्रवेश मामले पर कांग्रेस का पाखंड स्पष्ट है। यह यूपीए सरकार थी जिसने पार्श्व प्रवेश की अवधारणा विकसित की थी। दूसरा प्रशासनिक सुधार आयोग (एआरसी) 2005 में यूपीए सरकार ने स्थापित किया था। वीरप्पा मोइली ने इसकी अध्यक्षता की थी यूपीए सरकार के कार्यकाल में लेटरल एंट्री के जरिए विशेषज्ञों की भर्ती की सिफारिश की गई थी। रेल मंत्री ने आगे लिखा-एनडीए सरकार ने लेटरल एंट्री को लागू करने के लिए एक पारदर्शी तरीका अपनाया है। यूपीएससी के जरिए से पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से भर्तियां की जाएंगी। इस सुधार से प्रशासन में सुधार होगा। इसको लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर लिखा कि इन पदों को निचले पदों पर तैनात कर्मचारियों को पदोन्नति देकर भरा जाना चाहिए। एससी, एसटी व पिछड़ा वर्ग के लिए कोटा व्यवस्था लागू करके इन पदों को भरा जाए। अगर केंद्र सरकार इसे लागू नहीं करती है तो यह संविधान का सीधा उल्लंघन होगा।

वहीं अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि बीजेपी पिछले दरवाजे से अपनी विचारधारा के लोगों को यूपीएससी के उच्च पदों पर बैठाने की साजिश रच रही है। यह सारी चाल पीडीए से उसका आरक्षण व अधिकार छीनने की है। उन्होंने युवाओं व अधिकारियों से अपील की है कि यदि सरकार इस मामले में अपना फैसला नहीं बदलती है तो दो अक्टूबर से इसके खिलाफ देशभर में सपा द्वारा चलाए जाने वाले आंदोलन में शामिल होकर इसका विरोध करें। लेटरल एंट्री का मतलब निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों की सीधी भर्ती है। इसके जरिए से केंद्र सरकार के मंत्रालयों में संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों के पदों की भर्ती की जाती है।

## डॉक्टरों की मोदी से अपील, स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के लिए बने कानून

नई दिल्ली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एआईआईएमएस) के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर देशभर में स्वास्थ्यकर्मियों और संस्थानों की सुरक्षा के लिए अध्यादेश के जरिये केंद्रीय कानून बनाने के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। आरडीए ने कोलकाता के सरकारी आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कानून-व्यवस्था बहाल करने का भी आग्रह किया। यहां नौ अगस्त को एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला ?चिकित्सक के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया गया था और फिर उसकी हत्या कर दी गई। एम्स आरडीए ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में अस्पताल में हुई तोड़फोड़ और देश भर में चिकित्सा संस्थानों, स्वास्थ्यकर्मियों और चिकित्सकों के खिलाफ हिंसा के बढ़ते मामलों का भी जिक्र किया। केंद्र द्वारा संचालित चिकित्सा संस्थान के चिकित्सकों ने पत्र में कहा कि अस्पताल, मंदिरों के समान हैं, जहां लोगों को उम्मीद की किरण दिखती है। आरडीए ने कहा कि डॉक्टर जीवन-मरण की चुनौतियों से भरे वातावरण में काम करते हैं, जिससे वे असुरक्षित हो जाते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में चिकित्सकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा को 'बेहद परेशान करने वाला' बताते हुए उन लोगों की सुरक्षा के लिए मजबूत और समान कानून बनाने का आह्वान किया, जिन्होंने अपना जीवन दूसरों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। आरडीए ने अध्यादेश के जरिये केंद्रीय कानून लाने का आग्रह करते हुए कहा ?कि हम भारत सरकार से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करते हैं कि आप हस्तक्षेप कर पूरे देश में स्वास्थ्यकर्मियों और संस्थानों की सुरक्षा के लिए अध्यादेश के माध्यम से एक केंद्रीय कानून बनाने पर विचार करें।

## केशव प्रसाद मौर्य ने जमकर की सीएम योगी की तारीफ, बताया देश का नंबर वन मुख्यमंत्री

**लखनऊ (एजेंसी)**। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य में देश का सबसे अच्छा मुख्यमंत्री है। मिर्ज़ापुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केशव मौर्य ने कहा कि पार्टी का ÷डबल इंजन÷ देश में सबसे अच्छा काम कर रहा है। केशव मौर्य ने आगे कहा कि भाजपा देश के साथ-साथ राज्य में भी सत्ता में है। लोग जानते और मानते हैं कि हमारी डबल इंजन सरकार देश में सबसे अच्छा काम कर रही है।

इसके साथ ही केशव मौर्य ने पूछा कि क्या दुनिया में पीएम (नरेंद्र) मोदी जैसा कोई दूसरा नेता है, और क्या देश में योगी आदित्यनाथ जैसा कोई दूसरा सीएम है? मौर्य ने कार्यकर्ताओं से कहा, %%जब हमारे पीएम मोदी दुनिया के सबसे प्रभावशाली नेता हैं और जब हमारे सीएम देश में सबसे अच्छे हैं, तो सबसे अच्छा काम हो रहा है।%% उपमुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर भाजपा को मजबूत करने का भी आग्रह किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के लिए मौर्य की प्रशंसा लोकसभा चुनाव में हार के बाद राज्य भाजपा इकाई के भीतर अंदरूनी कलह की खबरों के कुछ दिनों बाद आई है।

योगी आदित्यनाथ के साथ केशव मौर्य के %कम मधुर रिश्ते% को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही है। पिछले महीने ऐसी भी अटकलें थीं कि पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व जल्द ही राज्य में संगठनात्मक बदलाव के बारे में एक बड़ी घोषणा कर सकता है। मौर्य, एक प्रमुख ओबीसी नेता, संगठन को सरकार से ऊपर होने के बारे में बार-बार बयान देकर मुखर हो रहे थे। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक में कहा था, %%पार्टी संगठन सरकार से बड़ा है और कोई भी संगठन से बड़ा नहीं है।%% उनके आउटरीच प्रयासों और सार्वजनिक बयानों की व्याख्या योगी आदित्यनाथ को निशाना बनाने के एक सूक्ष्म तरीके के रूप में की गई। उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व से भी मुलाकात की थी, जिससे अटकलों को और हवा मिल गई थी।

# मृत महिला डॉक्टर के पिता ने ममता सरकार से आर्थिक मदद लेने से किया इनकार, उठाए सवाल

**कोलकाता (एजेंसी )**। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में रेप और मर्डर की शिकार हुई जूनियर लेडी डॉक्टर के पिता ने ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ खुलकर अपनी आवाज उठाई। उन्होंने राज्य की ममता सरकार से आर्थिक मदद लेने से इनकार करते हुए साफ कहा कि हमे उनकी मदद नहीं न्याय चाहिए। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी सरकार के कई काम उनकी बेटी को न्याय दिलाने की मांग करने वालों को खामोश करने की का आरोप भी लगाया। रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि 'मुख्यमंत्री न्याय दिलाने की बात कर रही हैं और एकजुटता दिखाने के लिए सड़कों पर भी उतरी हैं। लेकिन न्याय की मांग करने वाले आम लोगों को जेल क्यों भेजा जाए? हम मुख्यमंत्री के काम से संतुष्ट नहीं हैं। हमने राज्य सरकार द्वारा हमें दिए जाने वाले मुआवजे को कबूल करने से इनकार कर दिया है।'




बेटी की मौत के बाद से शोक में डूबे डॉक्टर के पिता ने कहा कि उन पर संदेह होने लगा है कि पोस्टमार्टम के बाद उनकी बेटी का तुरंत दाह संस्कार किए जाने में क्या सबूतों को नष्ट करने का कोई इरादा था? उन्होंने कहा कि 'श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार के लिए तीन शव पहले से थे। लेकिन हमारी बेटी का अंतिम संस्कार उनसे पहले ही कर दिया गया। हम अपनी इकलौती बेटी को खोने के बाद इतने दुखी और सदमे में थे कि हम उस समय कुछ सोच या कर नहीं पाए।पीड़िता डॉक्टर के पिता ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई के मामले की जांच अपने हाथ में लेने से पहले पुलिस जांच के तरीके पर भी सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि 'जांच से कुछ नहीं निकलाज( चेस्ट मेडिसिन) विभाग या कॉलेज से किसी ने भी हमारा सहयोग नहीं किया। मेरी बेटी की हत्या के लिए पूरा विभाग जिम्मेदार हैज्हमें संदेह है कि विभाग के कुछ लोग अपराध में शामिल थे। जबकि पीड़िता की मां ने कहा कि वह इस मुश्किल समय में परिवार के साथ खड़े सभी लोगों को 'अपने बेटे और बेटियां' मानती हैं। उन्हें उम्मीद है कि सीबीआई की जांच से मामले में जल्द ही कोई सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि 'सीबीआई ने हमें भरोसा दिया है कि आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी।'

# पुरानी कार चलाने का है शौक तो भरना होगा ग्रीन टैक्स

**–पंजाब सरकार ने प्रदूषण कम करने उठाया नया कदम**




**चंडीगढ (एजेंसी)**। पंजाब सरकार ने पुराने वाहनों को लेकर कदम उठाया है। सरकार ने कहा कि पुराने वाहन चला सकते हैं लेकिन उसके लिए वाहन मालिक को ग्रीन टैक्स चुकाना होगा। केंद्र सरकार की 2021 की स्क्रैप पॉलिसी के बावजूद, जो वाहन 15 साल पुराने हैं और प्रदूषण फैलाते हैं, उन्हें अब ग्रीन टैक्स देना होगा। पिछले एक साल से इस बारे में विचार किया जा रहा था। वाहन मालिकों ने इसका विरोध किया था, उनका कहना था कि यह नीति वाहन कंपनियों के फायदे के लिए बनाई गई है।

चुनाव प्रचार के दौरान वाहन मालिकों ने पंजाब के सीएम भगवंत मान से इस नीति को लागू नहीं करने की मांग की थी। सीएम ने आश्वासन दिया था कि यह नीति पंजाब में लागू नहीं होगी लेकिन अब सरकार ने इसका नया समाधान खोजा है। इस नए समाधान में अगर कोई 15 साल पुराना वाहन चलाना चाहता है, तो उसे पहले वाहन का नया रजिस्ट्रेशन करना होगा और ग्रीन टैक्स भरना होगा। इसके बाद वह वाहन पांच साल तक सड़क पर चला सकेगा। ग्रीन टैक्स लगाने का सरकार का मकसद है पुराने वाहनों को सड़कों से हटाया जाए ताकि प्रदूषण कम हो सके। जब लोगों को ग्रीन टैक्स देना पड़ेगा, तो वे नए और कम प्रदूषण फैलाने वाले वाहन खरीदने के लिए तैयार होंगे। यदि कोई व्यक्ति पुराना वाहन नहीं बदलना चाहता है, तो उसे ग्रीन टैक्स चुकाना होगा। इससे सरकार को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी, जो सरकार के आय स्त्रोत को बढ़ाएगी। इसके अलावा सरकार ने टूरिस्ट वाहनों पर लगने वाला मोटर व्हीकल टैक्स भी घटा दिया है। पहले 65 सीटों वाली टूरिस्ट बस के लिए प्रति सीट सात हजार रुपए टैक्स था। अब साधारण बस पर प्रति सीट दो हजार पचास रुपए, डीलक्स नॉन-एसी बस पर दो हजार छह सौ पचास रुपए, एसी डीलक्स बस पर चार हजार एक सौ पचास रुपए और सुपर इंटीग्रल बस पर पांच हजार रुपए टैक्स देना होगा। टैक्स ज्यादा होने की वजह से बस ऑपरेटर पंजाब में बसें रजिस्टर्ड नहीं करवा रहे थे। 2017 से 2022 तक के आंकड़ों से पता चलता है कि पंजाब में 206 पर्यटक बसें रजिस्टर्ड थीं, जबकि हरियाणा में 5,220 बसें थीं। हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसे पर्यटन वाले राज्यों में बसों की ज्यादा रजिस्ट्रेशन के बावजूद पंजाब में कम बसों की रजिस्ट्रेशन देखी गई।

## चुनाव से ठीक पहले क्यों बोले देवेन्द्र फडणवीस, अगर ऐसा हुआ तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा

**मुंबई (एजेंसी )**। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारांगे के आरोपों का कड़ा प्रतिवाद करते हुए घोषणा की है कि अगर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे यह पुष्टि करते हैं कि मैं मराठा आरक्षण प्रक्रिया में बाधा डाल रहे हैं तो मैं राजनीति से इस्तीफा दे देंगे। जारांगे जो कि फडनवीस के कट्टर आलोचक हैं, ने लगातार वरिष्ठ भाजपा नेता पर मराठा समुदाय की आरक्षण की तलाश में प्रमुख बाधा होने का आरोप लगाया है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, फड़नवीस ने उनके प्रति जारांगे के %विशेष स्नेह% के बारे में व्यंग्यात्मक टिप्पणी की और कहा कि यदि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कहते हैं कि मेरी उपस्थिति मराठा आरक्षण के संबंध में निर्णय तक पहुंचने में बाधा है तो मैं अपना इस्तीफा दे दूंगा और राजनीति से हट जाऊंगा।




फडणवीस ने इस बात पर जोर दिया कि मराठा समुदाय को लाभ पहुंचाने वाले महत्वपूर्ण निर्णय या तो उनके कार्यकाल के दौरान या सीएम शिंदे के कार्यकाल के दौरान किए गए थे, और एक विपरीत कथा के जानबूझकर निर्माण की आलोचना की। उन्होंने कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि मुख्यमंत्री राज्य का मुखिया होता है और सभी निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार होता है। मराठा समुदाय को लाभ पहुंचाने वाले निर्णय या तो मेरे मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान लिए गए या मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कार्यकाल में हुए हैं।

शिवसेना नेता रामदास कदम ने मुंबई-गोवा राजमार्ग की खराब स्थिति को लेकर सोमवार को भाजपा नेता और महाराष्ट्र के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मंत्री रविंद्र चव्हाण को 'बेकार मंत्री' करार दिया। इस पर पलटवार करते हुए उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सवाल उठाया कि क्या रामदास की टिप्पणियां महायुति गठबंधन के सिद्धांतों के अनुरूप है। ठाणे में पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व मंत्री रामदास कदम ने महाराष्ट्र के तटीय जिलों से गुजरने वाले मुंबई-गोवा राजमार्ग पर अधूरे काम को लेकर चव्हाण पर कटाक्ष किया।

# झारखंड और महाराष्ट्र के चुनाव क्यों नहीं, खुलासा होने पर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल?

**नई दिल्ली (एजेंसी )**। केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा जम्मू कश्मीर और हरियाणा में चुनाव की अधिसूचना जारी की है। झारखंड,महाराष्ट्र तथा 46 सीटों के विधानसभा के उपचुनाव कराने की घोषणा नहीं की थी। जबकि हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव पिछले कई बार से हमेशा एक साथ होते रहे हैं। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव में जो विधायक सांसद चुन गए थे। उन्होंने अपने इस्तीफा दे दिए थे। 40 विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव होना था। उसमें सर्वाधिक उत्तर प्रदेश के 10 विधानसभा क्षेत्र में चुनाव होने थे। असम,बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश इत्यादि राज्यों में भी विधायक पद के लिए उपचुनाव नहीं कराए गए।

पत्रकारों द्वारा सवाल किए जाने पर केंद्रीय चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा था। बाढ़ की स्थिति होने के कारण चुनाव नहीं कराए गए हैं। झारखंड में उन्होंने बाढ़ की आशंका जताई थी। वहीं महाराष्ट्र में उन्होंने तीज त्योहार और अन्य कारणों से चुनाव नहीं कराने की बात कही थी।

हाल ही में झारखंड राज्य के चंपई की बगावत की खबरें सामने आ रही हैं। वह पूर्व मुख्यमंत्री हैं। हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद वह झारखंड के मुख्यमंत्री बने थे। अब वहां पर दलबदल की कोशिश शुरू हो गई है। वह अपने साथ 6 विधायकों को लेकर भाजपा में शामिल होने वाले हैं। असम के मुख्यमंत्री हेमंत विस्वा शर्मा ने झारखंड में जाकर जब पत्रकारों से कहा 2 महीने पहले असम में बाढ़ आई थी। बिहार, झारखंड,असम में कहीं बाढ़ नहीं है। हेमंत असम के मुख्यमंत्री हैं, वहां पर भी उपचुनाव होने थे। उनके यह कहने से स्पष्ट हो गया है कि महाराष्ट्र और झारखंड में जिस तरह विधानसभा चुनाव के पूर्व लोटस अभियान शुरू किया गया है। शायद इसलिए वहां पर चुनाव की घोषणा नहीं की गई है।

विपक्षी दल अब चुनाव आयोग पर सीधे-सीधे निशाना साथ रहे हैं। वह सरकार के इशारे पर ही चुनाव कराते हैं। चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से नहीं हो रहे हैं। इंडिया गठबंधन मैं शामिल राजनीतिक दल झारखंड, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की राजनीतिक घटनाओं को देखते हुए आरोप लगा रहे हैं। वहां पर चुनाव आयोग ने केंद्र सरकार के इशारे पर चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं। वहां पर अभी भाजपा के लिए अनुकूल स्थिति नहीं थी।




इसलिए चुनाव आयोग ने चुनाव टाल दिए हैं।

चुनाव आयोग जिस तरह से विपक्षी दलों के निशाने पर हैं। असम के मुख्यमंत्री हेमंत विस्वा शर्मा ने जिस तरह से असम, बिहार और झारखंड में 2 महीने पहले बाढ़ की बात कहकर, चुनाव आयोग राजीव कुमार की बातों को झुठला दिया है। इससे आगे चलकर चुनाव आयोग को जवाब देना मुश्किल होगा। राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव आयोग पर निशाना साधा जा रहा है।


स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/75100 (Subject to Surat jurisdiction)